# कोरोना के इलाज में रेमडेसिवीर दवा पर डब्लूएचओ का खुलासा

खुलासा

## कुल चार दवाओं का डब्लूएचओ ने किया टेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अमेरिकी दवा कंपनी गिलिएड साइंसेज की रेमडेसिवीर दवा के प्रभाव को लेकर बड़ा खुलासा किया है। इस दवा का इस्तेमाल कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के इलाज के लिए दुनियाभर के कई देशों में किया जा रहा है। भारत में भी कोरोना संक्रमितों को यह दवा दी जा रही है। हाल में ही कोरोना से संक्रमित हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इलाज के लिए भी इस दवा का उपयोग किया गया था।

**रेमडेसिवीर का नहीं दिखा खास असरः** अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि सॉलिडेरिटी ट्रॉयल में रेमडेसिवीर दवा कोरोना वायरस के मरीजों पर बहुत कम असर डाल रही है। इस दवा से मरीजों के संक्रमण के दिनों में भी कमी नहीं आ रही है। वहीं, गंभीर रोगियों के जान को बचाने में यह दवा कारगर साबित नहीं हुई है। डब्लूएचओ ने बताया है






कि सॉलिडेरिटी ट्रॉयल के दौरान कुल चार दवाओं का परीक्षण किया गया। ये सभी दवाएं किसी न किसी देश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए उपयोग में लाई जा रही हैं। इस ट्रायल में रेमडेसिवीर के अलावा हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन, एंटी एचआईवी ड्रग कॉम्बिनेशन लोपिनाविर रिटोनाविर और इंटरफेरॉन के प्रभाव की जांच की गई।

**30 देशों के 11 हजार से ज्यादा लोगों पर टेस्टः** इस परीक्षण के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 30 देशों के 11266 वयस्क मरीजों के ऊपर इस दवा के प्रभाव की जांच की। जिसके बाद यह पाया गया कि यह दवा अपने दावे के विपरीत कोरोना वायरस से संक्रमित रोगियों के ऊपर कोई भी खास प्रभाव नहीं डाल पा रही है। इससे उनके मौत की दर में भी कोई कमी नहीं आई है।

**पहले ही दो दवाओं पर लगाई जा चुकी है रोकः** विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि इस टेस्ट के दौरान जब दवा का कोई असर नहीं दिखा था तब हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन, एंटी एचआईवी ड्रग कॉम्बिनेशन लोपिनाविर–रिटोनाविर पर पहले ही रोक लगा दी गई थी। माना जा रहा है कि इस शोध को जल्द ही किसी मेडिकल जर्नल में प्रकाशित किया जा सकता है। जिससे इस परीक्षण को आधिकारिक मान्यता मिल जाएगी।

**कैसे काम करती है रेमडेसिवीर?ः** रेमडेसिवीर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि वह वायरस को रेप्लिकेशन की स्टेज पर रोकती है। यह वह स्टेज होती है जब वायरस शरीर में अपनी कॉपीज बनाना शुरू कर देता है। वह कॉपीज फिर अपनी कॉपीज बनाते हैं और धीरे–धीरे संक्रमण बढ़ता जाता है।

**रेमडेसिवीर कैसे करती है एंजाइम पर हमला?ः** अपनी कॉपी तैयार करने के लिए वायरस के RNA से मिले रॉ मैटीरियल को प्रोसेस करना होता है। जब मरीज को रेमडेसिवीर दी जाती है तो यह इनमें से कुछ मैटीरियल की नकल करता है और रेप्लिकेशन साइट में शामिल हो जाती है।

## न्यूज डायरी



### आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के 15 सैनिकों की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में उग्रवादियों ने पाक सेना के नाक में दम कर रखा है। उग्रवादियों ने पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा में जा रहे पाकिस्तानी तेल एवं गैस कर्मचारियों के काफिले पर हमला किया, जिसमें 15 लोग मारे गए। शुरू में, हमले का दावा बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने किया लेकिन बाद में एक नए उग्रवादी संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी ली। पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों के इस हमले में पाकिस्तानी ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी के सात कर्मचारी मारे गए। इसके अलावा काफिले की सुरक्षा कर रही पाकिस्तान फ्रंटियर कोर के 8 सैनिकों की भी मौत हुई है। इस इलाके में पहले भी सुरक्षाबलों पर बड़े पैमाने पर हमले होते आए हैं। वहीं गुरुवार को ही आतंकियों ने उत्तरी वजीरिस्तान में एक और सैन्य काफिले को निशाना बनाया। इस हमले में पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी समेत छह सैन्यकर्मी मारे गए।

### चीन ने ऊंचाई वाले स्थान पर रॉकेट के जरिए बारूदी सुरंग बिछाने का अभ्यास किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की सेना ने हाल ही में बेहद ऊंचाई वाले स्थानों पर रॉकेट से बारूदी सुरंग को दागने का प्रशिक्षण अभ्यास किया है। इस दौरान, ट्रक पर लाई गईं कई बारूदी सुरंगों को लांचर को दागा गया। बृहस्पतिवार को मीडिया में आयी एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सेना के बयान के हवाले से सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) के तहत आने वाली तिब्बत मिलिट्री कमांड ने 4,300 मीटर से भी अधिक उंचाई वाले प्रशिक्षण मैदान पर बारूदी सुरंग दागने का अभ्यास किया। इसके मुताबिक, परीक्षण ने दूर से ही ऐसे स्थानों पर बारूदी सुरंगों को स्थापित करने का लक्ष्य हासिल किया, जहां तापमान और ऑक्सीजन का स्तर बेहद कम है। सेना की तरफ से जारी किए गए एक वीडियो में एक ट्रक पर 40 रॉकेट लांचर दिखाई दिए।

### धमका रहा है चीन, ताइवान कभी नहीं रहा उसका हिस्साः विदेश मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। चीन ने भारत ही नहीं, ईस्ट चाइना सी में जापान, साउथ चाइना सी में इंडोनेशिया, वियतनाम, फिलिपींस से लेकर अमेरिका–ऑस्ट्रेलिया तक की नाक में दम करके रखा है। यही नहीं, उसने ताइवान पर सीधे–सीधे दावा ठोंक रखा है। वहीं, ताइवान के विदेश मंत्री ने कहा है कि ताइवान कभी चीन का हिस्सा था ही नहीं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि ताइवान के अस्तित्व को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा है कि इससे न सिर्फ देश को फायदा होगा बल्कि दूसरे देशों को भी मदद मिलेगी। ताइवान के विदेश मंत्री जोसफ वू ने कहा कि दुनिया के इस हिस्से में सिर्फ ताइवान को चीन से परेशानी नहीं है, जापान को ईस्ट चाइना सी में दिक्कत हो रही है जहां समुद्र में चीन घुसपैठ कर रहा है, वहीं दक्षिण चीन सागर के पास देशों को भी परेशानी हो रही है। भारत–चीन सीमा के पास भी विवाद चल रहा है।

### कोरोना संक्रमण के कारण कुछ लोगों में बहरेपन की समस्या पैदा हुईः वैज्ञानिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण कुछ मरीजों में स्थायी रूप से अचानक बहरेपन की समस्या पैदा होने की बात सामने आई है। ब्रिटेन में इस संबंध में किए गए एक अध्ययन में यह बताया गया है। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण बहरे होने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है। ब्रिटेन में 'यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन' के विशेषज्ञों समेत वैज्ञानिकों के अनुसार, इस संक्रमण के कारण बहरेपन की समस्या पैदा होने को लेकर जागरुकता बहुत जरूरी है, क्योंकि स्टेरॉयड के जरिए उचित उपचार से इस समस्या को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसका कारण स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन फ्लू जैसे वायरल संक्रमण के बाद भी इसी प्रकार की समस्या होती है। 'बीएमजे केस रिपोर्ट्स' पत्रिका में प्रकाशित अनुसंधान में 45 वर्षीय एक ऐसे व्यक्ति का जिक्र किया गया है, जो अस्थमा का मरीज है।

## अंडरवियर में पैसा छिपाते पकड़े गए ब्राजीली सांसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
रियो डी जेनेरियो। ब्राजील में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच भ्रष्टाचार के मामले ने भी तूल पकड़ लिया है। इस बीच भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के एक छापे में राष्ट्रपति जेयर बोलसनारो की पार्टी के एक सांसद अपने अंडरवियर में रुपये छिपाए पकड़े गए। केंद्रीय अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान सांसद चिको रोड्रिग्स के अंडरवियर से 3 लाख 88 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

एजेंसी ने कहा कि उसे सत्ताधारी पार्टी के सीनेटर के भ्रष्टाचार से जुड़े होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद उत्तरी ब्राजील में स्थित रोरिमा राज्य में चिको रोड्रिग्स के घर पर बुधवार को छापा मारा गया। उनपर आरोप था कि वे रोरिमा राज्य में कोरोना वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए दिए गए फंड में हेराफेरी कर रहे थे।

इस बीच सीनेटर चिको रोड्रिग्स ने भी बयान जारी कर इस छापेमारी की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने एक मामले के सिलसिले में उनके घर की जांच की है। हालांकि, उन्होंने बरामद की गई नकदी का कोई उल्लेख नहीं किया। ना ही उन्होंने इसके बारे में बताया जहां यह कथित रूप से पाया गया था।



### रूसी सैटेलाइट से टकराने से बाल–बाल बचा चीनी रॉकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अंतरिक्ष में बेकार पड़ी रूसी सैटेलाइट और निष्क्रिय चीनी रॉकेट के बीच होने वाली टक्कर का खतरा टल गया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी थी कि अगर यह टक्कर होती है तो इससे अंतरिक्ष में हजारों पीस मलबे का निर्माण होगा। जिससे अन्य देशों की सैटेलाइट्स और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को भी खतरा पैदा हो सकता था। अंतरिक्ष मलबे को ट्रैक करने वाली एक कंपनी लियोलैब्स ने एक हफ्ते पहले ही इन दो ऑब्जेक्ट्स के टक्कर की संभावना जताई थी। लियोलैब्स के अनुसार, रूस की कॉसमॉस 2007 को दक्षिणी पोल की तरफ बढ़ते देखा गया था। जबकि चीन के चेंज झेंग 4सी रॉकेट उत्तर की तरफ जा रहा था। उस समय दोनों ऑब्जेक्ट्स की स्पीड 52918 किलोमीटर प्रति घंटा थी। जिसके बाद से लियोलैब्स ने अपने रडार की मदद से इन दोनों पर नजर रखनी शुरू कर दी।

## बार–बार आ रही खांसी ने रोका चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भाषण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के स्वास्थ्य को लेकर अटकलों का बाजार गरम है। बुधवार को हॉन्ग कॉन्ग के नजदीक शेन्जेन में एक कार्यक्रम के दौरान चीनी राष्ट्रपति बार–बार खांसते दिखाई दिए। भाषण के अंतिम 10 मिनट में उनकी खांसी इतनी बढ़ गई कि उन्हें अपना उद्बोधन तक कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। हालांकि, वहां की सरकारी मीडिया ने जिनपिंग के स्वास्थ्य को लेकर कोई भी रिपोर्ट जारी नहीं की है।

**खांसी के कारण रोकना पड़ा लाइव भाषण**
सरकारी टीवी चौनल सीसीटीवी पर जिनपिंग के भाषण का लाइव टेलिकॉस्ट किया जा रहा था। जब उन्हें खांसी आने लगी तो टीवी चौनल बार–बार उनकी खांसी वाले विजुअल को काटना शुरू कर दिया। हालांकि, इस दौरान आडियो में उनके खांसने की आवाजें सुनाई दे रही थीं। एक ऐसा विजुअल भी दिखाई दिया जिसमें शी जिनपिंग अपने मुंह पर हाथ रखे हुए थे।

ऑडियो में राष्ट्रपति जिनपिंग अपने गले को साफ करने के लिए पानी से गलाला करते भी सुनाई दिए। इसके बाद से ही तेजी से अफवाह फैल रही है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग

**कोरोना संक्रमण की आधिकारिक पुष्टि नहीं**

कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। हालांकि इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। हॉन्ग कॉन्ग की लोकतंत्र समर्थन एपल टीवी ने भी दावा किया है कि जिनपिंग खांसी के कारण अपना दौरा स्थगित कर वापस पेइचिंग चले गए हैं।

एपोक टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में सीधा सवाल किया है कि क्या चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कोरोना से संक्रमित हैं? वे दक्षिणी चीन की यात्रा के दौरान शेन्जेन पहुंचे थे। यहां उनको लोगों के बीच बिना मास्क पहने देखा गया था। हालांकि, इस दौरान वे लोगों से कुछ दूरी पर खड़े हुए दिखाई दिए थे। चीन ने पहली बार अपनी विकासदर को कम होने का अनुमान जताया है।

### तीन साल की बेटी ने पिता के सिर में मारी गोली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टेनेसी। अमेरिका के टेनेसी में तीन साल की बेटी पर कार में अपने पिता को गोली मारने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में कार में बेटी के साथ बैठे मृतक के दोस्त पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी ने जानबूझकर अपने दोस्त की हत्या करने के लिए उसकी बेटी को हथियार से खेलने दिया था। इस हथियार के लिए आरोपी के पास लाइसेंस भी नहीं है। यह मामला टेनेसी के मेम्फिस शहर की है। पुलिस ने अदालत में दायर याचिका में बताया कि मृतक अपनी कार में एक महिला के साथ जा रहा था। उसकी तीन साल की बेटी कार में पिछली सीट पर बैठी हुई थी। रास्ते में उन्होंने 26 साल के अपने दोस्त एलांते जोन्स को भी कार में बैठा लिया। कार में बैठने के बाद जोन्स ने अपना हैंडगन निकाला और उसे सीट पर रख दिया। उसने गन को उस छोटी लड़की के इतने पास रखा जहां से वह इसे उठा सके। लड़की ने भी कौतूहल के कारण बंदूक उठाकर उससे खेलने शुरू कर दिया। इस दौरान अचानक गोली फायर हुई।